खण्ड -15 संख्या -15

1239
02/02/16

# एकादश
# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग-2

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

वृहस्पतिवार, तिथि 15 अप्रैल, 1999 ई०

सत्यमेव जयते

# शुद्धि - पत्र

## वृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 1999 ई०

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द | पेज नं० |
|---|---|---|
| अंबिका | अम्बिका | 15 |
| ट्राईसम | टाइसम | 53 |
| ट्रायसम | टाइसम | 56 |
| बर्नार्ड मिंज | बनॉर्ड मिंज | 60 |
| बर्नार्ड मिंज | बनॉर्ड मिंज़ | 64 |

1239
02/02/16

# एकादश बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा (वादवृत्त)

## भाग-2

## (कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

वृहस्पतिवार, तिथि 15 अप्रैल, 1999 ई0

# बिहार विधान-सभा वाद-वृत्त

## (भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

वृहस्पतिवार, तिथिं 15 अप्रैल, 1999 ई0

**विषय-सूची** **पृष्ठ संख्या**

**शून्य-काल की चर्चाएँ :**

(क) थाना प्रभारी को मुअत्तल करना: 01

(ख) श्री अम्बिका प्रसाद की हत्या की साज़िश : 02

(ग) बलात्कारियों की गिरफ्तारी : 04

(घ) दमकल की व्यवस्था : 05

(ड) श्री बलराम यादव की पत्नी की हत्या : 05

(च) इन्दिरा आवास की व्यवस्था : 05

(छ) ट्रांसफारमर की व्यवस्था : 06

(ज) पुल का निर्माण : 06

(झ) चीनी एवं किरासन तेल की आपूर्त्ति : 07

**व्यवस्था के प्रश्न पर उपाध्यक्ष का निर्देश :** 08

**कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना :**

**वित्तीय कार्य :** वित्तीय वर्ष 1999-2000 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों पर वाद-विवाद एवं मतदान "ग्रामीण विकास विभाग" (स्वीकृत): 20

**कटौती-प्रस्ताव :** राज्य सरकार की ग्रामीण विकास नीति पर विचार-विमर्श : (अस्वीकृत) : 21

**सरकारी वक्तव्य :** 104

**निवेदनों के संबंध में सूचना :** 107

**दैनिक निबंध :** 109

**टिप्पणी :-** *कोई भी मा० मंत्री अथवा सदस्य अपना भाषण संशोधित नहीं किये हैं।*

# बिहार विधान-सभा वाद-वृत्त

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा

का

## कार्य-विवरण

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में वृहस्पतिवार, तिथि 15 अप्रैल, 1999 ई0 को पूर्वाह्न 11-00 बजे उपाध्यक्ष, **श्री जगबन्धु अधिकारी** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ ।

# शून्यकाल की चर्चाएँ

**उपाध्यक्ष :** श्री सत्यनारायण सिंह ।

**(माननीय सदस्य श्री सत्यनारायण सिंह अनुपस्थित ।)**

## (क) थाना प्रभारी को मुअत्तल करना ।

**श्री दिलीप कुमार यादव :** महोदय, सारी सुरक्षा को धत्ता बताते हुए अपराधियों ने दिनांक 10.04.99 को बनमनखी प्रखंड विकास पदाधिकारी को घायल कर पचास हजार की सम्पत्ति लूट ली । घोर चिन्ता का विषय है । आमलोगों का जान-माल खतरे में है ।

अतएव थाना प्रभारी बनमनखी को मुअत्तल किया जाये एवं इनके कुकृत्यों की जांच करवायी जाये ।

**उपाध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, आप सूचना ग्रहण कीजिये ।

**श्री दिलीप कुमार यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, उसके बाद वहां पर बराबर इस तरह की घटनायें हुई हैं, क्राइम हो रहे हैं । इस संबंध में यहां पर ध्यानाकर्षण भी किया गया है उसके बावजूद थाना प्रभारी अभी तक बने हुए हैं जिसके कारण आम नागरिक को काफी कठिनाई होती है । इसलिए सरकार से मांग करते हैं कि अविलम्ब मुअत्तल करते हुए उन पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाये ।

**उपाध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप मंत्री जी को कागज दे दें ।

**उपाध्यक्ष :** श्री चुन्नीलाल राजवंशी ।

**(माननीय सदस्य श्री चुन्नीलाल राजवंशी अनुपस्थित ।)**